रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99

REGD. NO. D. L.-33004/99

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण

EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4

PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 03] नई दिल्ली, मंगलवार, जनवरी 02, 2007/पौष 12, 1928

No. 03] NEW DELHI, TUESDAY, JANUARY 02, 2007/PAUSA 12, 1928

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद्

अधिसूचना

नई दिल्ली, 22 दिसम्बर, 2006

फा. सं. 49-4/2006-राअशिप (मानदंड तथा मानक).— राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (राअशिप) द्वारा समय-समय पर विभिन्न अध्यापक शिक्षा कार्यक्रमों के लिए मानदंड और मानक तैयार किए गए हैं और उन्हें अद्यतन बनाया गया है। सी.एड. तथा डी.एड के लिए संशोधित मानदंड और मानक भारत के असाधारण राजपत्र में 11 दिसम्बर, 2006 को प्रकाशित दिनांक 30 नवम्बर, 2006 की अधिसूचना संख्या 49-4/2006 राअशिप (मा तथा म) द्वारा प्रख्यापित किए गए थे।

2. उपर्युक्त अधिसूचना के क्रम में और राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद अधिनियम 1993 (1993 का 73) के खंड 32 के उपखंड 2 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद एतद्द्वारा शारीरिक शिक्षा में प्रमाणपत्र (सी.पी.एड.) शारीरिक शिक्षा में स्नातक (बी.पी.एड.) तथा शारीरिक शिक्षा में मास्टर (एम.पी.एड.) के अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रमों के मानदंड और मानक संशोधित करती है और निम्न विनियम बनाती है, अर्थात-

1. **लघु शीर्ष और प्रवर्तन:**

(1) ये विनियम राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (मान्यता मानदंड और क्रियाविधि) (चौथा संशोधन) विनियम, 2006 कहलाएंगे।

सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली-54

706

2. प्रयोज्यता

(1) ये विनियम स्थितिनुसार शारीरिक शिक्षा में प्रमाणपत्र (सी.पी.एड.) शारीरिक शिक्षा में स्नातक (बी.पी.एड.) तथा शारीरिक शिक्षा में मास्टर (एम.पी.एड.)अथवा समतुल्य अध्यापक शिक्षा कार्यक्रमों को मान्यता प्रदान करने/आयोजित करने के लिए अनुमति प्रदान से संबंधित सभी मामलों में लागू होंगे।

(2) ये विनियम सरकारी राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख से लागू होंगे।

3. संशोधन की सीमा

मानदंडों और मानकों के परिशिष्ट 10, 11 और 12 जिन्हें राअशिप विनियम, 2002 द्वारा अधिसूचित किया गया था और जिन्हें राअशिप विनियम, 2005 में बनाए रखा गया था उन्हें इस संशोधन के परिशिष्ट - 1, 2 और 3 द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा और उनके एक अंग के रूप में पढ़ा जाएगा।

वी. सी. तिवारी, सदस्य-सचिव

[विज्ञापन III/IV/131/2006-असा.]

टिप्पणी :– राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (मान्यता मानदंड और क्रियाविधि) विनियम, 2005, 13 जनवरी, 2006 की अधिसूचना संख्या 49-42/2005/राअशिप (मानक तथा मानदंड) के अधीन प्रकाशित किए गए थे। ये विनियम निम्नलिखित अधिसूचनाओं द्वारा संशोधित किए गए :

(i) 49-4/2006/राअशिप (मानक तथा मानदंड) दिनांक 21.7.2006

(ii) 49-4/2006/राअशिप (मानक तथा मानदंड) दिनांक 15.11.2006

(i) 49-4/2006/राअशिप (मानक तथा मानदंड) दिनांक 11.12.2006

सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली–54

परिशिष्ट-1

शारीरिक शिक्षा में प्रमाणपत्र (सीपीएड) कार्यक्रम के लिए मानदंड और मानक

1.0 प्रस्तावना

शारीरिक शिक्षा में प्रमाणपत्र (सीपीएड) कार्यक्रम प्रारंभिक स्कूलों (प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक/मिडिल) के लिए शारीरिक शिक्षा में अध्यापक तैयार करने के लिए है।

2.0 अवधि तथा कार्यकारी दिवस

2.1 अवधि

शारीरिक शिक्षा में प्रमाणपत्र कार्यक्रम की अवधि दो शैक्षणिक वर्षों की होगी।

2.2 कार्यकारी दिवस

दाखिले और परीक्षा की अवधि को छोड़ कर कम से कम 200 कार्यकारी दिवस होंगे, छः दिन के सप्ताह में प्रत्येक कार्य दिवस छः घण्टे का होगा।

3.0 दाखिल किए जाने वाले छात्रों की संख्या, पात्रता और दाखिले की क्रियाविधि

3.1 दाखिल किए जाने वाले छात्रों की संख्या

(क) प्रति वर्ष 50 छात्रों का एक यूनिट होगा।

3.2 पात्रता

(क) उच्च माध्यमिक परीक्षा (10+2) अथवा इसके समतुल्य परीक्षा में कम से कम 50% अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी दाखिले के लिए पात्र हैं। जिन छात्रों ने राज्य स्तर के खेलकूद/खेलों में स्थान (पहला, दूसरा अथवा तीसरा) प्राप्त किया है और जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर के खेलकूद/खेलों में भाग लिया है उनके मामले में उच्च माध्यमिक परीक्षा (10+2) में अकों का न्यूनतम प्रतिशत 45 होगा। **उपखंड 3.2 शैक्षणिक सत्र 2007-08 से लागू होगा।**

(ख) अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों/अन्य पिछड़े वर्गों को केन्द्रीय सरकार/संबंधित राज्य सरकार/संघशासित क्षेत्र प्रशासन के नियमों के अनुसार अंकों में ढील/सीटों में आरक्षण दिया जाएगा।

3.3 दाखिले की क्रियाविधि

अर्हक परीक्षा तथा/अथवा प्रवेश परीक्षा अथवा राज्य सरकार की नीति के अनुसार किसी अन्य चयन प्रक्रिया में प्राप्त अंकों के आधार पर योग्यताक्रम के अनुसार दाखिले किए जाएंगे। राज्य सरकार की नीति के अनुसार शारीरिक स्वस्थता/दक्षता के लिए समुचित भारिता दी जाएगी

4.0 स्टाफ

4.1 शैक्षणिक

4.1.1 (क) (i) संख्या

50 अथवा इससे कम छात्रों (दो वर्ष के पाठ्यक्रम के लिए अथवा इससे कम की संयुक्त क्षमता) के लिए पूर्णकालिक संकाय में निम्न शामिल होंगे:

25/4/11

सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली–54

708

प्रिंसीपल/अध्यक्ष	1
लेक्चरर	5

4.1.1(क) (ii) दाखिल किए जाने वाले अतिरिक्त छात्र 50 छात्रों के गुणकों में होंगे, पूर्णकालिक अध्यापक प्रशिक्षकों की संख्या में तीन की वृद्धि कर दी जाएगी।

4.1.1(क) (iii) अध्यापकों की नियुक्ति इस प्रकार बांटी जाएगी जिससे कि शारीरिक शिक्षा से संबंधित विभिन्न पाठ्यक्रमों, खेलों और कौशलों के शिक्षण के लिए अपेक्षित प्रकृति और स्तर की विशेषज्ञता सुनिश्चित हो सके।

4.1.1(ख) अर्हताएं

प्रिंसीपलः

किसी शारीरिक शिक्षा संस्थान में पढ़ाने के कम से कम पांच वर्ष के अनुभव सहित एम.पी.एड.

अध्यक्षः

किसी शारीरिक शिक्षा संस्थान में पढ़ाने के कम से कम तीन वर्ष के अनुभव सहित एम.पी.एड.

लेक्चरर

(i) एम.पी.एड.

(ii) मान्यताप्राप्त प्रारंभिक क्षेत्र में स्कूल स्तर पर शारीरिक शिक्षक अथवा किसी अन्य नाम के पद का पांच वर्ष का अनुभव।

4.1.2 तकनीकी सहयोगी स्टाफ

(क) संख्या

पुस्तकालयाध्यक्ष	-	एक (नियमित)
जिन विशेषज्ञताओं की पेशकश की जा रही है, उनके लिए कोच	-	आवश्यकता के अनुसार संख्या में (अंशकालिक)
चिकित्सा अधिकारी	-	अंशकालिक
ग्राउंडमैन/मार्कर/सहायक	-	नियमित
कला	-	अंशकालिक
कार्य अनुभव	-	अंशकालिक
संगीत	-	अंशकालिक
आईसीटी	-	अंशकालिक

(ख) अर्हताएं: संबंधित राज्य सरकार/संघशासित प्रशासन द्वारा यथानिर्धारित।

4.1.3 प्रशासनिक स्टाफ

(क) संख्या

(i) कार्यालय-एवं-लेखा-सहायक	-	1 (नियमित)
(ii) कार्यालय सहायक-एवं-टंकक	-	1 (नियमित)
(iii) स्टोर कीपर	-	1 (नियमित)
(iv) सहायक/परिचर	-	2 (नियमित)

Attested
25/4/11
सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली–54

709

IndiaCode

(ख) अर्हताएं

राज्य सरकार/संघशासित प्रशासन द्वारा यथानिर्धारित

4.2.1 सेवा की शर्तें और उपबंध

(क) नियुक्ति केन्द्रीय/संबंधित राज्य सरकार/बोर्ड इनमें से जो भी लागू हो की नीति के अनुसार गठित चयन समिति की सिफारिशों के आधार पर की जाएगी।

(ख) अंशकालिक के रूप में उल्लिखित पदों को छोड़कर बाकी सभी नियुक्तियां पूर्णकालिक तथा नियमित आधार पर की जाएगी।

(ग) अंशकालिक अध्यापकों तथा अन्य सहायक स्टाफ की नियुक्ति सरकार के मानदंडों के अनुसार की जाएगी।

(घ) संस्थानों के शैक्षणिक तथा अन्य स्टाफ को संबंधित सरकार द्वारा यथानिर्धारित वेतन का भुगतान आदाता को देय चेक द्वारा अथवा इस प्रयोजन के लिए कर्मचारी के विशेष रूप से खोले गए खाते में सूचना के अनुसार किया जाएगा।

(ड.) अपने कर्मचारियों के लिए पेंशन, उपदान, भविष्य निधि आदि से संबंधित सांविधिक दायित्वों का निर्वाह संस्थान के प्रबंधक वर्ग द्वारा किया जाएगा।

(च) स्टाफ की अधिवार्षिकी की आयु संबंधित सरकार की नीति द्वारा निर्धारित की जाएगी।

5.0 सुविधाएं

5.1 आधारिक तंत्र

संस्थान में चार क्लासरूमों, एक बहुद्देशीय हाल, एक बहुद्देशीय प्रयोगशाला, संगोष्ठी/ट्यूटरियल कक्षों, प्रिंसीपल, संकाय सदस्यों के लिए अलग-अलग कमरों, प्रशासनिक स्टाफ के लिए एक कार्यालय तथा एक स्टोर की व्यवस्था होनी चाहिए। क्लासरूमों, प्रयोगशाला, पुस्तकालय जैसे प्रत्येक शिक्षण कक्ष में प्रत्येक छात्र के लिए कम से कम 10 वर्ग फुट स्थान होना चाहिए। बहुद्देशीय हाल में 150 व्यक्तियों के बैठने की सुविधा होनी चाहिए।

5.1.2 बाह्य खेलकूद के लिए एक बहुद्देशीय मैदान, 400 मीटर लम्बा ट्रैक तथा व्यायाम और इन्डोर खेलों और खेलकूदों के लिए एक हाल होना चाहिए। महानगरीय कस्बों/पर्वतीय क्षेत्रों में जहां खुले स्थान की उपलब्धता दुष्कर होती है, अन्य संस्थानों के साथ इनका साझा प्रयोग किया जा सकता है।

5.1.3 ये सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए यह जरूरी है कि आवेदन करते समय प्रबंधक वर्ग/संस्थान के अधिकार में संगत विनियमों के अनुसार या तो सभी प्रकार के ऋणभार से मुक्त स्वामित्व के आधार पर अथवा पट्टे पर कम से कम 2.5 एकड़ भूमि/भूमि और भवन होने चाहिए

5.1.4 भवन के सभी भागों में आग के जोखिम से बचाव के लिए सुरक्षोपाय होने चाहिए

5.1.5 संस्थान का परिसर, भवन, फर्नीचर आदि विकलांगों के लिए अनुकूल होने चाहिए।

टिप्पणी- ऐसे मौजूदा संस्थान जो उपखंड 5.1.2 तथा 5.1.3 में उल्लिखित सुविधाएं पूरी तरह उपलब्ध कराने की स्थिति में नहीं है, वे अन्य संस्थानों के साथ इन

सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सेविल लाइन्स, दिल्ली–54

710

सुविधाओं का साझा प्रयोग कर सकते हैं अथवा मौजूदा संस्थानों में स्थान की कमी होने की स्थिति में एक अलग किन्तु निकटस्थ स्थान पर ऐसी सुविधाएं जुटा सकते हैं।

5.2 शिक्षणात्मक

5.2.1 संस्थान के पास कम से कम 2.5 एकड़ भूमि होनी चाहिए जिससे कि संस्थान के भवन तथा भावी विस्तार के लिए पर्याप्त स्थान और खेल तथा खेलकूदों के आयोजन के लिए खुला स्थान जुटाया जा सके। क्लासरूमों आदि से युक्त निर्मित क्षेत्र 12000 वर्गफुट से कम नहीं होगा। यहां तक कि महानगरीय और पर्वतीय क्षेत्रों में भी जहां कुल भूमि अपेक्षित 2.5 एकड़ से कम हो सकती है यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

5.2.2 अध्ययन के निर्धारित पाठ्यक्रमों से संबंधित कम से कम 2000 पुस्तकों और सन्दर्भ पुस्तकों, शैक्षिक विश्वकोषों, शब्दकोषों, इलेक्ट्रोनिक प्रकाशनों (सीडी रोम) तथा शारीरिक शिक्षा और सम्बद्ध विषयों पर कम से कम पांच पत्रिकाओं से युक्त एक पुस्तकालय होगा। पुस्तकालय में संकाय और छात्र अध्यापकों के प्रयोग के लिए फोटोकापी सुविधा और इन्टरनेट सुविधा सहित कम्प्यूटर सुविधा होगी।

5.2.3 प्रयोगशालाएं

5.2.3.1 शैक्षिक प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला उपकरण

प्रोजेक्शन और अनुलिपीकरण के लिए हार्डवेयर तथा आईसीटी साक्षरता प्रदान करने के लिए अपेक्षित शैक्षिक साफ्टवेयर जिसमें निम्न शामिल होंगे-

सार्वजनिक संबोधन प्रणाली, टेप रिकार्डर, टीवी सेट, एलसीडी प्रोजेक्टर, एक ऐपीडियास्कोप, निदर्शन बोर्ड (तीन) तथा वीडियो कैसेट रिकार्डर, वीडियो कैमरा, एक सिनेमैटिक प्रोजेक्टर, मूवी कैमरा । रौट (केवल प्राप्त टर्मिनल) तथा एसआईटी (उपग्रह अन्तर्संबंधन टर्मिनल) वांछनीय होंगे ।

5.2.3.2 शरीरचनाविज्ञान, शरीरक्रियाविज्ञान तथा स्वास्थ्य शिक्षा प्रयोगशाला

- मानवीय कंकाल - 1
- यकृत का भार मापने वाली मशीन - 1
- एन्थ्रोपोमीटर - 1
- विकास-चार्ट तथा शारीरिक प्रणाली चार्ट - 2
- वांछनीय भार और लंबाई तालिकाएं - 2
- स्किनफोल्ड कैलिपर - 1
- रेस्पोमीटर - 2
- होमोग्लोबीनोमीटर - 1
- शरीर गठन विश्लेषक - 1
- स्वास्थ्य शैली परीक्षण यूनिट - 1

सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली–54

711

- अधोजल भार लेना, घनत्व और मोटापा - 1

वांछनीय

- कतिपय परीक्षणों और उपकरणों सहित खेलकूद-मनोविज्ञान प्रयोगशाला

5.3 खेलकूद उपकरण

5.3.1 ऐथेलेटिक

- बाधाएं - 20
- आरंभ खटका - 1
- मापक टेप (इस्पात) - 4
- ट्रैक पर निशान लगाने के लिए तार - 1
- स्टाप वाच - 6
- स्टार्टिंग ब्लाक - 6
- ऊंची छलांग स्टैण्ड (एक जोड़ा तथा छः क्रास बार) - एक जोड़ा
- वाल्टिंग पाइल्स (फाइबर ग्लास) - 6 2
- वाल्टिंग बक्सा
- चक्का-पुरुषों और महिलाओं के लिए दोनों के लिए छः-छः
- तारगोला 12 (प्रत्येक गोला 4 किलोग्राम का) - 6
- स्टाप बोर्ड - 2
- सर्कल - 2
- प्रतियोगिता के अन्त में निर्णायकों के लिए स्टैण्ड - 2
- फ्लैग पोल - 20
- जैवलिन पुरुषों और महिलाओं के लिए (दो ऐल्यूमीनियम सहित) - 6
- टेक आफ़ बोर्ड - 2

5.3.2 खेल

- बास्केट बाल बोर्ड और रिंग - 1 (पूरा सेट), बाल-12
- वालीबाल पोस्ट - 4, बाल-12
- क्रिकेट, साफ्टबाल, थ्रो बाल के लिए उपकरण (सभी के सेट) - 2
- टेबल टेनिस - 2 दर्जन बाल तथा 6 बैट
- नेट सहित फुटबाल गोल खंभे - दो जोड़े, 12 बाल
- हैण्डबाल खंभे - दो जोड़े, 6 बाल
- बैडमिन्टन खंभे - 4
- बैडमिन्टन रैकेट - 24

सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली–54

712

IndiaCode

- नेट सहित हाकी गोल खंभे - 1 जोड़ा
- हाकी स्टिक - 3 दर्जन, बाल-एक दर्जन
- फुटबाल - 1 दर्जन

5.3.3 स्वदेशी क्रियाकलापों के लिए उपकरण

- लेजिम - 50 जोड़े
- डम्बल - 50 जोड़े
- भारतीय मुदगर - 50 जोड़े
- फ्लैग, हूप्लारिंग तथा शारीरिक क्रियाकलाप निदर्शन के लिए उपयुक्त मानदंड
- बीट बोर्ड
- मार्शल कलाओं के लिए उपकरण

5.3.4 व्यायाम उपकरण

- पैरेलल बार 1
- पैरेलल बार (लड़कियों के लिए विषम) - 1
- हारिजन्टल बार - 1

- रोमन रिंग्स - 2
- ऊपर चढ़ने वाली रस्सियां - 6
- चटाइयां - एक दर्जन कायर व एक दर्जन एबड़
- सन्तुलन बीम (समायोज्य सेट) - 1
- पोमेल्ड हार्स - 1
- भारोत्तोलन सेट/पावर लिफ्टिंग सेट - 1

टिप्पणीः 5.3 के प्रावधान शैक्षणिक सत्र 2007-08 से लागू होंगे।

5.4 सांस्कृतिक क्रियाकलाप

जरूरत के अनुसार उपयुक्त और पर्याप्त वाद्ययंत्र उपलब्ध कराए जाएंगे।

5.5 विविध

बड़े खेलों, छोटे खेलों, मनोरंजनात्मक खेलों, रिले और लड़ाकू क्रियाकलापों के लिए जरूरी अन्य उपकरण

5.6 सुविधाएं

5.6.1 शिक्षणात्मक तथा अन्य प्रयोजनों के लिए अपेक्षित संख्या में कार्यात्मक और उपयुक्त फर्नीचर उपलब्ध कराया जाएगा

5.6.2 संस्थान महिला और पुरुष अध्यापक प्रशिक्षकों/प्रशिक्षणार्थी अध्यापकों के लिए अलग कामनरूम उपलब्ध कराएगा

5.6.3 संस्थान में आवश्यकतानुसार सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा

5.6.4 स्टाफ और छात्रों के लिए पर्याप्त संख्या में टायलेट उपलब्ध कराए जाएंगे।

5.6.5 कैन्टीन, टेलीफोन सुविधा तथा वाहन खड़े करने के लिए व्यवस्था की जाएगी।

5.6.6 परिसर, जल और टायलेट सुविधाओं की नियमित सफाई तथा फर्नीचर और अन्य उपकरणों की आवश्यक मरम्मत तथा प्रतिपूर्ति की व्यवस्था की जाएगी।

सामान्य

यदि एक ही संस्थान द्वारा एक ही इमारत में अध्यापक शिक्षा में एक या एक से अधिक पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं तो बहुद्देशीय हाल, खेल के मैदान, पुस्तकालय तथा प्रयोगशाला (पुस्तकों तथा उपकरणों की आनुपातिक वृद्धि सहित) और शिक्षणात्मक स्थान की सुविधाओं का प्रयोग साझे रूप में किया जा सकता है।

सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली–54

713

IndiaCode

परिशिष्ट-II

शारीरिक शिक्षा में स्नातक (बीपीएड) कार्यक्रम के लिए मानदंड और मानक

1.0 प्रस्तावना

शारीरिक शिक्षा में स्नातक (बीपीएड) कार्यक्रम माध्यमिक/उच्च/माध्यमिक स्कूलों के लिए शारीरिक शिक्षा में अध्यापक तैयार करने के लिए है। यह एक व्यावसायिक पाठ्यक्रम है जिसके तीन प्रमुख घटक हैं (क) सैद्धान्तिक दिशाअनुकूलन (ख) स्कूल अनुभव (ग) व्यावहारिक कार्य।

2.0 अवधि तथा कार्यकारी दिवस

2.1 अवधि

बीपीएड कार्यक्रम की अवधि एक शैक्षणिक वर्षों की होगी।

2.2 कार्यकारी दिवस

दाखिले और परीक्षा आदि की अवधि को छोड़कर कम से कम 200 कार्यकारी दिवस होंगे। छः दिन के सप्ताह में प्रत्येक कार्य दिवस कम से कम छः घण्टे का होगा जिसमें सभी अध्यापक प्रशिक्षकों और छात्र अध्यापकों की संस्थान में वास्तविक उपस्थिति जरूरी होगी।

3.0 दाखिल किए जाने वाले छात्रों की संख्या, पात्रता और दाखिले की क्रियाविधि

3.1 दाखिल किए जाने वाले छात्रों की संख्या

3.1.1 50 छात्रों का एक यूनिट होगा जोकि व्यावहारिक क्रियाकलापों के लिए 25-25 छात्रों के दो समूहों में बंटा होगा ताकि अध्यापन और कौशल अर्जन को सुविधाजनक बनाया जा सके।

3.2 पात्रता

3.2.1 (क) 50% अंकों सहित स्नातक जिसमें शारीरिक शिक्षा एक प्रमुख विषय रहा हो।

अथवा

(ख) शारीरिक शिक्षा में 50% अंकों सहित स्नातक (अर्थात तीन वर्ष की अवधि का बीपीई)।

अथवा

(ग) 50% अंकों सहित स्नातक और जिसने खेलों/खेलकूद/एथलेटिक्स में राज्य/विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया हो।

अथवा

(घ) 50% अंकों सहित स्नातक और जिसने अंतरकालेज खेलकूदों/खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिनिधित्व किया हो अथवा साहसपूर्ण खेलकूदों में बुनियादी पाठ्यक्रम पास किया हो।

अथवा

(ड.) 50% अंकों सहित स्नातक और एनसीसी में 'सी' प्रमाणपत्रधारक।

सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली–54

714

3.2.2 उपर्युक्त (क) से (ड.) श्रेणियों में आने वाले जिन अभ्यर्थियों ने राज्य स्तरीय खेलकूदों/खेलों में स्थान (पहला, दूसरा अथवा तीसरा)प्राप्त किया है और जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर के खेलकूदों/खेलों में भाग लिया है उनके मामले में स्नातक स्तर पर अंकों का न्यूनतम प्रतिशत कम से कम 45 होगा। **उपखंड 3.2.1 शैक्षणिक सत्र 2007-08 से लागू होगा।**

3.2.3 अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों/अन्य पिछड़े वर्गों को केंद्रीय सरकार/संबंधित राज्य सरकार/संघशासित क्षेत्र प्रशासन के नियमों के अनुसार अंकों में ढील/सीटों में आरक्षण दिया जाएगा।

3.3 दाखिले की क्रियाविधि

अर्हक परीक्षा तथा/अथवा प्रवेश परीक्षा अथवा विश्वविद्यालय/राज्य सरकार की नीति के अनुसार किसी अन्य चयन प्रक्रिया में प्राप्त अंकों के आधार पर योग्यता-क्रम के अनुसार दाखिले किए जाएंगे। राज्य सरकार की नीति के अनुसार शारीरिक स्वस्थता/दक्षता के लिए समुचित भारिता दी जाएगी।

4.0 स्टाफ

4.1 शैक्षणिक

4.1 (क) (i) संख्या

शैक्षणिक सत्र 2007-08 से दाखिल किए जाने वाले 50 छात्रों के लिए:

प्रिंसीपल/अध्यक्ष	1
लेक्चरर	5

4.1 (क) (ii) दाखिल किए जाने वाले अतिरिक्त 50 या उससे कम छात्रों के मामले में पूर्णकालिक अध्यापक प्रशिक्षकों की संख्या में तीन की वृद्धि कर दी जाएगी।

4.1 (क) (iii) अध्यापकों की नियुक्ति इस प्रकार की जाएगी जिससे कि शारीरिक शिक्षा से संबंधित विभिन्न पाठ्यक्रमों के शिक्षण के लिए विशेषज्ञता की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।

4.1 (ख) अर्हताएं

प्रिंसीपल:

(i) पीएच.डी. (शारीरिक शिक्षा) अथवा समतुल्य प्रकाशित कार्य

(ii) एम.पी.एड.

(iii) शिक्षण का 10 वर्ष का अनुभव जिसमें शारीरिक शिक्षा के किसी संस्थान में पढ़ाने का 5 वर्ष का अनुभव शामिल होगा।

अध्यक्ष:

(i) पीएच.डी. (शारीरिक शिक्षा) अथवा समतुल्य प्रकाशित कार्य

(ii) एम.पी.एड.

(iii) शिक्षण का 7 वर्ष का अनुभव जिसमें शारीरिक शिक्षा के किसी संस्थान में पढ़ाने का 3 वर्ष का अनुभव शामिल होगा।

25/4/11

सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली–54

715

IndiaCode

लेक्चरर

(i) कम से कम 55s अंकों सहित एम.पी.एड.

(ii) अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों/अन्य पिछड़े वर्गों/अन्य श्रेणियों के लिए केंद्रीय/संबंधित राज्य सरकार/संघशासित क्षेत्र प्रशासन के नियमों के अनुसार मास्टर स्तर पर 5 प्रतिशत अंकों की छूट की व्यवस्था होगी।

(iii) लेक्चरर के पद के लिए ऊपर निर्धारित अर्हता के अलावा अभ्यर्थियों को शैक्षणिक सत्र 2009-2010 के शुरू होने से पहले नेट/एसएलईटी अर्हता अथवा यूजीसी द्वारा समय-समय पर निर्धारित कोई वैकल्पिक अर्हता प्राप्त करनी होगी।

(iv) पात्रता के उपर्युक्त मानदंडों के अनुसार प्रिंसीपल/अध्यक्ष की नियुक्ति के लिए पात्र और उपयुक्त उम्मीदवारों के उपलब्ध न होने की स्थिति में, शारीरिक शिक्षा में सेवानिवृत्त प्रिंसीपल/अध्यक्ष की सेवानिवृत्ति के पश्चात की सेवा में 65 वर्ष आयु पूरी कर लेने तक, एक समय में अधिक-से-अधिक एक वर्ष के लिए संविदा के आधार पर नियुक्ति की जा सकेगी।

(v) **पहले से कार्यरत मौजूदा संकाय को उपर्युक्त 4.1 (ख) में निर्धारित अतिरिक्त/नई अर्हता प्राप्त करने से छूट रहेगी।**

4.1 (ग) तकनीकी सहयोगी स्टाफ

जिन विशेषज्ञताओं की पेशकश की जा रही है, उनके लिए कोच	-	आवश्यकता के अनुसार संख्या में (अंशकालिक)
पुस्तकालयाध्यक्ष	-	एक (नियमित)
चिकित्सा अधिकारी	-	अंशकालिक
ग्राउंडमेन/मार्कर/सहायक	-	नियमित
कला	-	अंशकालिक
कार्य अनुभव	-	अंशकालिक
संगीत	-	अंशकालिक
आईसीटी	-	अंशकालिक

(क) **अर्हताएं:** संबंधन प्रदान करने वाले संबंधित विश्वविद्यालय/यूजीसी द्वारा यथानिर्धारित।

4.1(घ) प्रशासनिक स्टाफ

		संख्या
(i) कार्यालय एवं लेखा सहायक	-	1 (नियमित)
(ii) कार्यालय सहायक एवं टंकक	-	1 (नियमित)
(iii) स्टोर कीपर	-	1 (नियमित)
(iv) सहायक/परिचर	-	2 (नियमित)

4.1(ड.) अर्हताएं

Attested
25/4/11
सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली–54

716

संबंधित राज्य सरकार/संबंधन प्रदान करने वाले विश्वविद्यालय द्वारा यथानिर्धारित।

4.4 सेवा की शर्तें और प्रलंभ

(क) नियुक्ति, यदि केन्द्र/राज्य सरकार/संबंधन प्रदान करने वाले विश्वविद्यालय/बोर्ड, इनमें से जो भी लागू हो, की नीति के अनुसार गठित चयन समिति की सिफारिशों के आधार पर की जाएगी।

(ख) अंशकालिक शिक्षकों के अतिरिक्त पदों को छोड़कर बाकी सभी नियुक्तियां पूर्णकालिक तथा नियमित आधार पर की जाएंगी।

(ग) अंशकालिक अध्यापकों तथा अन्य सहयोगी स्टाफ की नियुक्ति संबंधित सरकार/विश्वविद्यालय/यूजीसी के मानदंडों के अनुसार की जाएगी।

(घ) संस्थानों के शैक्षणिक तथा अन्य स्टाफ (अंशकालिक स्टाफ सहित) को संबंधित सरकार/विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर यथा-निर्धारित वेतन का भुगतान आदाता को देय चैक के द्वारा अथवा इस प्रयोजन के लिए कर्मचारी के विशेष रूप से खोले गए बैंक खाते में सूचना के अनुसार किया जाएगा।

(ङ) अपने कर्मचारियों के लिए पेंशन, उपदान, भविष्य निधि आदि से संबंधित सांविधिक दायित्वों का निर्वाह संस्थान के प्रबंधक वर्ग द्वारा किया जाएगा।

(च) स्टाफ की अनिवार्यिकी की आयु, संबंधित सरकार/विश्वविद्यालय की नीति द्वारा निर्धारित की जाएगी।

सुविधाएं

5.1 आधारिक तंत्र

5.1.1 संस्थान में दो कक्षाकक्षों, एक बहुद्देशीय हाल, संगोष्ठी/ट्यूटरियल कक्षों, प्रिंसीपल तथा अन्य सदस्यों के लिए अलग-अलग कमरों, प्रशासनिक स्टाफ के लिए एक कार्यालय तथा एक स्टोर की व्यवस्था होनी चाहिए। क्लासरूमों, प्रयोगशाला, पुस्तकालयों आदि जैसे प्रत्येक शिक्षण कक्ष में प्रत्येक छात्र के लिए कम से कम 10 वर्ग फुट स्थान होना चाहिए। बहुद्देशीय हाल में 150 व्यक्तियों के बैठने की सुविधा होनी चाहिए।

5.1.2 बाह्य खेलकूद के लिए एक बहुद्देशीय खेल का मैदान, 400 मीटर लम्बा ट्रैक तथा व्यायाम और इन्डोर खेलों और खेलकूदों के लिए एक हाल होना चाहिए। शहरीकरण कस्बों/पर्वतीय क्षेत्रों में जहां खुले स्थान की उपलब्धता दुष्कर होती है अन्य संस्थानों के साथ इनका साझा प्रयोग किया जा सकता है।

5.1.3 [illegible] उपलब्ध कराने के लिए यह जरूरी है कि आवेदन करते समय प्रबंधक [illegible] संस्थान के अधिकार में संगत विनियमों के अनुसार या तो सभी तरह के [illegible] से मुक्त स्वामित्व के आधार पर अथवा पट्टे पर कम से कम 5 एकड़ भूमि/भूमि और भवन होने चाहिए।

5.1.4 भवन के सभी भागों में आग के जोखिम से बचाव के लिए सुरक्षोपाय होने चाहिए

5.1.5 संस्थान [illegible] भवन, फर्नीचर आदि विकलांगों के लिए अनुकूल होने चाहिए। दिव्यांग [illegible] मौजूदा संस्थान जो उपखंड 5.1.2 तथा 5.1.3 में उल्लिखित सुविधाएं पूरी तरह उपलब्ध कराने की स्थिति में नहीं है, वे अन्य संस्थानों के साथ

सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली–54

717

इन सुविधाओं का साझा प्रयोग कर सकते हैं अथवा मौजूदा संस्थानों में स्थान की कमी होने की स्थिति में एक अलग किन्तु निकटस्थ स्थान पर ऐसी सुविधाएं जुटा सकते हैं।

5.2 विशेषताएं :

5.2.1 संस्थान के पास कम से कम 5 एकड़ भूमि होनी चाहिए जिसमें कि संस्थान के भवन तथा भावी विस्तार के लिए पर्याप्त स्थान और खेल तथा खेलकूदों के आयोजन के लिए खुला स्थान जुटाया जा सके। पदाधिकारी आदि सहित निर्मित क्षेत्र कम से कम 12000 वर्गमीटर होना चाहिए। पहाड़ीय और पर्वतीय क्षेत्रों में ये सुविधाएं नीची जानी चाहिए जहां कि कुल भूमि अधिकतम 5 एकड़ से कम हो सकती है।

5.2.2 [illegible] के पास स्वयं अध्ययन के लिए पर्याप्त कक्षों और अध्यापन शिक्षण संबंधी गतिविधियों के लिखित पर्याप्त पुस्तकालय होना चाहिए। पुस्तकालय में कम से कम 10000 पुस्तकों की सुविधा होनी चाहिए। इस तरह के पुस्तकों की एक सूची तैयार की जानी चाहिए। बेहतर होगा यदि संस्थान के अपने [illegible] एक सूची कूल हो।

5.2.3 अध्ययन के विशेषीकृत पाठ्यक्रमों से संबंधित कम से कम 2000 पुस्तकों और सन्दर्भ पुस्तकों, पत्रिका विश्वकोषों, शब्दकोषों, इलेक्ट्रोनिक प्रकाशनों (सीडी रोम) तथा शारीरिक शिक्षा और संबद्ध विषयों पर कम से कम पांच पत्रिकाओं से युक्त एक पुस्तकालय का स्थान होना चाहिए। पुस्तकालय में संकाय और छात्र अध्यापकों के प्रयोग के लिए कोलिकोपी सुविधा और इन्टरनेट सुविधा सहित कम्प्यूटर सुविधा होनी।

5.2.4 संस्थान के पास इन्डोर खेलकूदों, आउटडोर खेलकूदों तथा शारीरिक क्रियाकलापों, खेलकूद चिकित्सा प्रयोगशाला, शैक्षिक प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला, स्वास्थ्य शिक्षा प्रयोगशाला, खेलकूद मनोविज्ञान प्रयोगशाला, शरीर रचनाविज्ञान और शरीर क्रियाविज्ञान तथा स्वास्थ्य शिक्षा प्रयोगशाला, एथलेटिक्स, एथलेटिक्स तथा खेलों के लिए खेलकूद और क्षेत्रीय उपकरण तथा संबंधित विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित और नीचे अनुशंसित उपकरण तथा सुविधाएं होनी चाहिए।

5.2.4.1 प्रयोगशालाएं

खेलकूद चिकित्सा प्रयोगशाला उपकरण : नैदानिक मेज, इन्फ्रा-रेड लेम्प, स्टर्लाइजिंग यूनिट, प्राथमिक चिकित्सा बक्सा, बी.पी. उपकरण, स्टेथसकोप, कोणमापी स्टाप वाच, मुखीय थर्मामीटर, आइस बाक्स, वाइब्रेटर-2, एक्सरसाइजर (साइकिल), अल्ट्रासाउण्ड उपचार एकक, शार्टवेव उपचार एकक, व्हीलचेयर, बैसाखियों का एक जोड़ा, वजन मापने की मशीन, स्किनफोल्ड कैलीपर, इलेक्ट्रोनिक बाइसिकिल अर्गोमीटर (अपटेक क्षमता मापने के लिए), एक आपरेशन टेबल।

5.2.4.2 शैक्षिक प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला उपकरण

प्रोजेक्शन और अनुलिपिकरण के लिए हार्डवेयर तथा निम्न सहित संबंधित सॉफ्टवेयर : सार्वजनिक संबोधन प्रणाली, स्लाइड प्रोजेक्शन, टेप

Attested
25/4/11
सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली–54

718

IndiaCode

रिकार्डर, टी.वी. सेट, ओवरहैड प्रोजेक्टर, एक ऐपीडियास्कोप, निदर्शन बोर्ड (तीन) तथा वीडियो कैसेट रिकार्डर, वीडियो कैमरा, एक सिनेमैटिक प्रोजेक्टर, मूवी कैमरा । रोट (केवल प्राप्ति टर्मिनल) तथा सिट (उपग्रह अन्तर्संबंध टर्मिनल) वांछनीय होंगे ।

5.2.4.3 शरीररचनाविज्ञान, शरीरक्रियाविज्ञान और स्वास्थ्य शिक्षा प्रयोगशाला

अनिवार्यः

- मानवीय कंकाल
- यकृत का भार मापने वाली मशीन
- एन्थ्रोपोमीटर
- शारीरिक प्रणाली चार्ट और विकास चार्ट
- वांछनीय भार और लंबाई तालिकाएं
- स्किनफोल्ड कैलिपर

वांछनीयः

- शरीर गठन विश्लेषक
- स्वास्थ्य शैली परीक्षण यूनिट
- अधोजल भार लेना, घनत्व और मोटापा

5.2.4.4 खेलकूद मनोविज्ञान प्रयोगशाला

- मनोवैज्ञानिक परीक्षण और परीक्षण के लिए प्रयुक्त उपकरण

5.2.5 खेलकूद और मैदान के उपकरण

5.2.5.1 एथेलेटिक

➢ बाधाएं	- 20
➢ आरंभ खटका	- 1
➢ मापक टेप (इस्पात)	- 4
➢ ट्रैक पर निशान लगाने के लिए तार	- 1
➢ स्टाप वाच	- 6
➢ स्टार्टिंग ब्लाक	- 6
➢ ऊंची छलांग स्टैण्ड (एक जोड़ा तथा छः क्रास बार)	-
➢ वाल्टिंग बक्सा	- 1
➢ चक्का-पुरुषों और महिलाओं के लिए	दोनों के छः-छः
➢ शाटपुट	- 6
➢ तारगोला (पुरुषों और महिलाओं के लिए)	- 6
➢ स्टाप बोर्ड	- 2
➢ सर्कल	- 2
➢ प्रतियोगिता के अन्त में निर्णायकों के लिए स्टैण्ड	- 2
➢ फ्लैग पोल	- 6
➢ जैवलिन पुरुषों और महिलाओं के लिए	- 6

सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली–54

719

IndiaCode

(दो ऐल्यूमीनियम सहित)

- टेक आफ बोर्ड - 2
- गद्दे - 6
- भार प्रशिक्षण सेट - 1

5.2.5.2 खेल

- बास्केट बाल बोर्ड और रिंग (पूरा सेट) - 20 बाल
- वालीबाल पोस्ट - 2 सेट, 20 बाल
- क्रिकेट, साफ्टबाल के लिए उपकरण - 6 बाल प्रत्येक
- टेबल टेनिस टेबल - 2 सेट
- नेट सहित फुटबाल गोल खंभों के दो जोड़े - 20 बाल
- हैण्डबाल खंभों के दो जोड़े
- बैडमिन्टन खंभे - 4
- दो दर्जन हाकी स्टिक और तीन दर्जन बाल
- बैडमिन्टन रैकेट दो दर्जन
- शटल - जरूरत के अनुसार

5.2.5.3 स्वदेशी क्रियाकलापों के लिए उपकरण

- लेजिम - 50 जोड़े
- डम्बल - 50 जोड़े
- भारतीय मुदगर - 50 जोड़े
- फ्लैग, हूप्लारिंग तथा शारीरिक क्रियाकलाप निदर्शन के लिए हल्के उपकरण
- निदर्शन/प्रदर्शन
- बीट बोर्ड
- मार्शल कलाओं के लिए उपकरण

5.2.5.4 व्यायाम उपकरण

- एक पैरेलल बार
- एक पैरेलल बार (लड़कियों के लिए विषम)
- एक हारिजन्टल बार
- दो रोमन रिंग्स
- छः ऊपर चढ़ने वाली रस्सियां
- एक दर्जन चटाइयां - कायर
- एक सन्तुलन बीम (समायोज्य सेट)
- एक पोमेल्ड हार्स
- मल्टीजिम

proof

सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली–54

720

IndiaCode

[illegible] 5.2.5 के पश्चात् शैक्षणिक सत्र 2007-08 से लागू होंगे।

5.2.6 [illegible]

[illegible] समुचित और पर्याप्त वाद्ययंत्र उपलब्ध कराए जाएंगे।

5.2.7 [illegible]

[illegible] खेलों, रिले और लड़ाकू [illegible] के लिए अन्य उपकरण।

5.3 [illegible]

5.3.1 शिक्षणात्मक तथा अन्य प्रयोजनों के लिए समुचित संख्या में कार्यात्मक और [illegible] फर्नीचर उपलब्ध कराया जाएगा जिसमें ये शामिल होंगे: [illegible] के लिए डेस्क और कुर्सियां तथा मेजें, हाल, स्टाफ [illegible], प्रयोगशालाएं, बुकशेल्फ, फाइलिंग कैबिनेट, प्रयोगशालों के लिए [illegible] वाटर वाशबेसिन मेजें, ब्लैक बोर्ड, नोटिस बोर्ड, बुलेटिन [illegible] की अलमारी, कैबिनेट स्टोरेज रैक आदि।

5.3.2 [illegible] स्टाफ तथा छात्रों के लिए अलग-अलग कॉमन रूम [illegible]।

5.3.3 [illegible] में शुद्धित पेय जल उपलब्ध कराया जाएगा।

5.3.4 स्टाफ और छात्रों के लिए समुचित संख्या में पुरुष और महिला शौचालय उपलब्ध कराए जाएंगे।

5.3.5 [illegible] फर्नीचर सुविधा, वाद्य यंत्र रखने के लिए व्यवस्था की जाएगी।

5.3.6 [illegible] और शौचालय सुविधाओं की नियमित सफाई के कारगर [illegible] किए जाएंगे। फर्नीचर तथा अन्य उपकरणों की आवश्यक मरम्मत और सफाई की जाएगी।

सामान्य

यदि एक ही संस्थान द्वारा एक ही इमारत में अध्यापक शिक्षा में एक या एक से अधिक पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हों तो बहुद्देशीय हाल, खेल के मैदान, पुस्तकालय तथा प्रयोगशाला पुस्तकों तथा [illegible] शैक्षणिक सुविधा [illegible] और शिक्षणात्मक स्थान की सुविधाओं का [illegible] किया जाएगा।

सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली–54

परिशिष्ट - III

शारीरिक शिक्षा में मास्टर (एमपीएड) कार्यक्रम के लिए मानदंड और मानक

1.0 प्रस्तावना

(क) शारीरिक शिक्षा में मास्टर (एमपीएड) कार्यक्रम शारीरिक शिक्षा में स्नातकोत्तर कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए तथा उच्च माध्यमिक स्तर पर शारीरिक शिक्षा अध्यापकों का और साथ ही शारीरिक शिक्षा कालेजों और विश्वविद्यालयों के शारीरिक शिक्षा विभागों में अध्यापक प्रशिक्षकों का एक व्यावसायिक संवर्ग तैयार करने के लिए है।

(ख) केवल ऐसे विश्वविद्यालय विभाग और संस्थान एम.पी.एड. पाठ्यक्रम की पेशकश करने के पात्र हैं जोकि बी.पी.एड. पाठ्यक्रम चला रहे हैं।

2.0 अवधि तथा कार्यकारी दिवस

2.1 अवधि

एम.पी.एड. कार्यक्रम की अवधि दो शैक्षणिक वर्ष होगी।

2.2 कार्यकारी दिवस

परीक्षा और दाखिले आदि की अवधि छोड़कर प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष में शिक्षण, क्षेत्रीय कार्य तथा स्कूल में स्थानबद्ध प्रशिक्षण के लिए कम से कम 200 कार्यकारी दिवस होंगे, छः दिन के सप्ताह में प्रत्येक कार्यकारी दिवस छः घण्टे का होगा।

3.0 दाखिल किए जाने वाले छात्रों की संख्या, पात्रता और दाखिले की क्रियाविधि

3.1 दाखिल किए जाने वाले छात्रों की संख्या

प्रत्येक वर्ष दाखिल किए जाने वाले छात्रों की संख्या 30 (दो वर्ष में 60) से अधिक नहीं होगी।

3.2 पात्रता

बी.पी.एड. डिग्री स्तर पर कम से कम 55ऽ अक पाने वाले अभ्यर्थी दाखिले के लिए पात्र हैं। तथापि जिन अभ्यर्थियों ने राज्य स्तरीय खेलकूद/खेलों में स्थान (पहला, दूसरा अथवा तीसरा) प्राप्त किया हैं और जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर के खेलकूद/खेलों में भाग लिया है, उनके मामले में अंकों में 5ऽ की ढील दी जाएग। **उपखंड 3.2 शैक्षणिक सत्र 2007-08 से लागू होगा।**

3.2.3 अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों/अन्य पिछड़े वर्गों को संबंधित राज्य सरकार के नियमों के अनुसार अंकों में ढील/सीटों में आरक्षण दिया जाएगा।

3.3 दाखिले की क्रियाविधि

अर्हक परीक्षा तथा/अथवा प्रवेश परीक्षा अथवा विश्वविद्यालय/राज्य सरकार की नीति के अनुसार किसी अन्य चयन प्रक्रिया में प्राप्त अंकों के आधार पर योग्यता-क्रम के अनुसार दाखिले किए जाएंगे।

सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली–54

722

4.0 स्टाफ

4.1 शैक्षणिक

4.1.1 संख्या

दाखिल किए जानेवाले 30 या इससे कम छात्रों के लिए, दो वर्ष के पाठ्यक्रम के लिए 60 या इससे कम की संयुक्त क्षमता के लिए

प्रोफेसर/अथवा रीडर - 1

रीडर/लेक्चरर - 4

4.1.2 दाखिल किए जाने वाले 10 अतिरिक्त छात्रों के लिए एक अतिरिक्त लेक्चरर की नियुक्ति की जाएगी।

अर्हताएं

(क) प्रोफेसरः

(i) पीएच.डी. (शारीरिक शिक्षा) अथवा समतुल्य प्रकाशित कार्य

(ii) एम.पी.एड.

(iii) शिक्षण का 10 वर्ष का अनुभव जिसमें शारीरिक शिक्षा के किसी संस्थान में पढ़ाने का 5 वर्ष का अनुभव शामिल होगा।

(ख) रीडरः

(i) शारीरिक शिक्षा में पीएच.डी. अथवा समतुल्य प्रकाशित कार्य

(ii) कम से कम 55ऽ अंकों सहित एम.पी.एड.

(iii) बी.पी.एड./एम.पी.एड. कार्यक्रम में शिक्षण का कम से कम 5 वर्ष का अनुभव।

(ग) लेक्चरर

(i) कम से कम 55ऽ अंकों सहित एम.पी.एड.

(ii) शारीरिक शिक्षा में पीएच.डी. अथवा शारीरिक शिक्षा में नेट

टिप्पणीः

(i) अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों/अन्य पिछड़े वर्गों/अन्य श्रेणियों के लिए केंद्रीय/संबंधित राज्य सरकार/संघशासित क्षेत्र प्रशासन के नियमों के अनुसार मास्टर स्तर पर 5 प्रतिशत अंकों की छूट की व्यवस्था होगी।

(ii) पात्रता के उपर्युक्त मानदंडों के अनुसार प्रिंसीपल/रीडर की नियुक्ति के लिए पात्र और उपयुक्त उम्मीदवारों के उपलब्ध न होने की स्थिति में, शारीरिक शिक्षा में सेवानिवृत्त प्रिंसीपल/रीडर की सेवानिवृत्ति के पश्चात की सेवा में 65 वर्ष आयु पूरी कर लेने तक, एक समय में अधिक-से-अधिक एक वर्ष के लिए संविदा के आधार पर नियुक्ति की जा सकेगी।

4.1.2 तकनीकी सहयोगी स्टाफ

बी.पी.एड. के लिए जरूरी स्टाफ के अलावा निम्न स्टाफ की जरूरत होगीः

संख्या

(i)तकनीकी सहायक - दो (नियमित)

सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली–54

723

(ii)सहायक - एक (नियमित)

अर्हताएः

संबंधन प्रदान करने वाले विश्वविद्यालय/संबंधित राज्य सरकार/यूजीसी द्वारा यथानिर्धारित

4.2 सेवा की शर्तें और उपबंध

(क) नियुक्ति, केंद्रीय/संबंधित राज्य सरकार/संबंधन प्रदान करने वाले विश्वविद्यालय इनमें से जो भी लागू हो, की नीति के अनुसार गठित चयन समिति की सिफारिशों के आधार पर की जाएगी।

(ख) अंशकालिक के रूप में उल्लिखित पदों को छोड़कर बाकी सभी नियुक्तियां पूर्णकालिक तथा नियमित आधार पर की जाएंगी।

(ग) तकनीकी और प्रशासनिक स्टाफ की नियुक्ति संबंधित सरकार/विश्वविद्यालय/यूजीसी के मानदंडों के अनुसार की जाएगी।

(घ) संस्थानों के शैक्षणिक तथा अन्य स्टाफ (अंशकालिक स्टाफ सहित) को संबंधित सरकार/विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर यथा-निर्धारित वेतन का भुगतान आदाता को देय चैक के द्वारा अथवा इस प्रयोजन के लिए कर्मचारी के विशेष रूप से खोले गए बैंक खाते में सूचना के अनुसार किया जाएगा।

(ङ) अपने कर्मचारियों के लिए पेंशन, उपदान, भविष्य निधि आदि से संबंधित सांविधिक दायित्वों का निर्वाह संस्थान के प्रबंधक वर्ग द्वारा किया जाएगा।

(च) स्टाफ की अधिवार्षिकी की आयु, संबंधित सरकार/विश्वविद्यालय की नीति द्वारा निर्धारित की जाएगी।

5.0 सुविधाएं

5.1 आधारिक तंत्र

5.1.1 30-30 छात्रों के बैठने की सुविधा सहित दो क्लासरूम, 100 व्यक्तियों के बैठने की सुविधा सहित एक बहुद्देशीय हाल, संगोष्ठी/ट्यूटोरियल कक्षों, प्रोफेसर/अध्यक्ष, संकाय सदस्यों के लिए स्वतंत्र कमरों, प्रशासनिक स्टाफ के लिए एक कार्यालय तथा एक स्टोर की व्यवस्था की जाएगी। क्लासरूम, प्रयोगशाला, पुस्तकालय आदि जैसे प्रत्येक शिक्षणात्मक कक्ष में प्रत्येक छात्र के लिए कम से कम 10 वर्गफुट स्थान होगा।

5.1.2 इन्डोर खेलकूदों के लिए एक बहुद्देशीय हाल/व्यायामशाला तथा आउटडोर खेलों के लिए सुविधाएं होंगी।

5.1.3 ये सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए यह जरूरी है कि आवेदन करते समय प्रबंधक वर्ग/संस्थान के अधिकार में संगत विनियमों के अनुसार या तो सभी तरह के ऋणभार से मुक्त स्वामित्व के आधार पर अथवा पट्टे पर कम से कम 2.5 एकड़ भूमि/भूमि और भवन होने चाहिए।

5.1.4 भवन के सभी भागों में आग के जोखिम से बचाव के लिए सुरक्षोपाय होने चाहिए

5.1.5 संस्थान का परिसर, भवन, फर्नीचर आदि विकलांगों के लिए अनुकूल होने चाहिए।

सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली–54

724

टिप्पणी- ऐसे मौजूदा संस्थान जो उपखंड 5.1.3 में उल्लिखित सुविधाएं पूरी तरह उपलब्ध कराने की स्थिति में नहीं है, वे अन्य संस्थानों के साथ इन सुविधाओं का साझा प्रयोग कर सकते हैं अथवा मौजूदा संस्थानों में स्थान की कमी होने की स्थिति में एक अलग किन्तु निकटस्थ स्थान पर ऐसी सुविधाएं जुटा सकते हैं।

5.2 शिक्षणात्मक

5.2.1 संस्थान के पास कम से कम 2.5 एकड़ भूमि होनी चाहिए जिससे कि संस्थान के भवन तथा भावी विस्तार के लिए पर्याप्त स्थान और खेल तथा खेलकूदों के आयोजन के लिए खुला स्थान जुटाया जा सके। क्लासरूमों आदि सहित निर्मित क्षेत्र कम से कम 12000 वर्गफुट होगा। यह स्थिति महानगरीय और पर्वतीय क्षेत्रों में भी सुनिश्चित की जानी चाहिए जहां कि कुल भूमि अपेक्षित 2.5 एकड़ से कम हो सकती है।

5.2.2 प्रत्येक छात्र के लिए शिक्षणात्मक स्थान का आकार 10 वर्गफुट से कम नहीं होना चाहिए।

5.2.3 एक वाचनालय की सुविधा सहित एक ऐसा पुस्तकालय होगा जिसमें सभी विशेषज्ञता और पाठ्यक्रमों से संबंधित कम से कम 2000 पुस्तकें और सन्दर्भ पुस्तकें, शैक्षिक विश्वकोश, इलैक्ट्रोनिक प्रकाशन (सीडी रोम) सहित और कम-से-कम पांच पत्रिकाएं तथा इंटरनेट संयोज्यता की व्यवस्था होगी। पुस्तकालय के संग्रह में प्रतिवर्ष कम-से-कम 100 उत्कृष्ट पुस्तकें शामिल की जाएंगी। पुस्तकालय में संकाय और छात्र-अध्यापकों के प्रयोग के लिए फोटोकॉपी सुविधा और इंटरनेट सुविधा सहित कंप्यूटर उपलब्ध कराए जाएंगे।

5.2.4 विभिन्न इन्डोर तथा आउटडोर खेलकूदों और खलों के लिए समुचित उपकरण होने चाहिए।

5.2.5 दाखिल किए जाने वाले अनुमोदित 60 छात्रों (दो वर्ष) के लिए शिक्षणात्मक क्रियाकलाप करने के वास्ते प्रयोगशालाएं होनी चाहिए।

5.2.5.1 निम्न उपकरणों सहित स्वास्थ्य शिक्षा, भौतिक चिकित्सा और खेलकूद चिकित्सा प्रयोगशाला होनी चाहिए:

(i) वजन तोलने की एक मानक मशीन
(ii) एक एन्थ्रोपोमीटर/लम्बाई स्टैंड
(iii) वांछनीय भार और लम्बाई तालिकाएं
(iv) इन्फ्रारेड लैम्प
(v) पराबैंगनी लैम्प
(vi) शार्ट वेव डायाथर्मी
(vii) मोटराइज्ड ट्रेड मिल
(viii) बाइसिकिल अर्गोमीटर
(ix) बी.पी. उपकरण
(x) हार्वर्ड स्टेप परीक्षण उपकरण

5.2.5.2 शैक्षिक और खेलकूद मनोविज्ञान से संबंधित सामान्य प्रयोग करने के लिए उपकरणों से युक्त एक मनोविज्ञान प्रयोगशाला होगी।

Attested
सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली–54

725

5.2.5.3 निम्न उपकरणों सहित एक शरीररचनाविज्ञान और शरीरक्रियाविज्ञान प्रयोगशाला होगी:

(i) मानवीय कंकाल
(ii) मेट्रोनोम्स - 1
(iii) विभिन्न शारीरिक प्रणालियों के माडल और चार्ट
(iv) स्टाप वाच - 5
(v) स्पाइरोमीटर - 2
(vi) इलेक्ट्रोनिक बैरोमीटर
(vii) वजन मापने की मशीनें - 2
(viii) शीर्ष प्रवाह मीटर - 1
(ix) कोण मापक - 1
(x) डायनिमोमीटर (हाथ, पैर कमर) - प्रत्येक के लिए एक-एक

5.2.5.4 प्रोजेक्शन तथा अनुलिपिकरण के लिए शैक्षिक प्रौद्योगिकी और मीडिया प्रयोगशाला तथा टीवी, कैमरा । रौट (केवल प्राप्ति टर्मिनल), सिट (उपग्रह अन्तर्संबंध टर्मिनल) सहित आईसीटी प्रयोगशाला के लिए जरूरी शैक्षिक सौफ्टवेयर वांछनीय होंगे ।

टिप्पणी: **5.2 के प्रावधान शैक्षणिक सत्र 2007-08 से लागू होंगे।**

6.3 **साधन**

6.3.1 शिक्षणात्मक तथा अन्य प्रयोजनों के लिए समुचित संख्या में कार्यात्मक और उपयुक्त फर्नीचर उपलब्ध कराया जाएगा।

6.3.2 संस्थान महिला अध्यापक प्रशिक्षकों/प्रशिक्षणार्थियों के लिए कामन रूम उपलब्ध कराएगा।

6.3.3 संस्थान में सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा।

6.3.4 स्टाफ और छात्रों के लिए पर्याप्त संख्या में पुरुषों और महिलाओं के टायलेट अलग-अलग उपलब्ध कराए जाएंगे।

6.3.5 कैन्टीन, टेलीफोन सुविधा तथा वाहनों को खड़े करने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

6.3.6 परिसर, पानी और शौचालय सुविधाओं की नियमित सफाई के कारगर इंतजाम किए जाएंगे। फर्नीचर तथा अन्य उपकरणों की आवश्यक मरम्मत और भरपाई की जाएगी।

7.0 **सामान्य**

यदि एक ही संस्थान द्वारा एक ही इमारत में अध्यापक शिक्षा में एक या एक से अधिक पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं तो बहुद्देशीय हाल, खेल के मैदान, पुस्तकालय तथा प्रयोगशाला (पुस्तकों तथा उपकरणों की आनुपातिक वृद्धि सहित) और शिक्षणात्मक स्थान की सुविधाओं का प्रयोग साझे रूप में किया जा सकता है।

सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली–54

726

~~New Delhi~~

NATIONAL COUNCIL FOR TEACHER EDUCATION

NOTIFICATION

New Delhi, the 22nd December, 2006

F. No. 49-4/2006-NCTE (N & S).— Norms and Standards for various teacher education programmes have been prescribed and updated by the National Council for Teacher Education (NCTE) from time to time. The revised norms & standards for C.Ed and D.Ed were promulgated vide notification No. F.49-4/2006-NCTE (N&S) dated 30th, November 2006 published in the Gazette of India Extra-Ordinary on 11th December, 2006.

2. In continuation of the above notification and in exercise of the powers conferred under sub-section 2 of Section 32 of the NCTE Act, 1993 (73 of 1993), the NCTE hereby revise the Norms and Standards for teacher education courses leading to Certificate in Physical Education(C.P.Ed), Bachelor of Physical Education(B.P.Ed) and Master of Physical Education(M.P.Ed) and makes the following regulations, namely:

indiacode

1. Short Title and Commencement:

(1) These regulations may be called the "National Council for Teacher Education (Recognition Norms & Procedure) (Fourth Amendment) Regulations, 2006."

2. Applicability

(1) These regulations shall be applicable to all matters pertaining to grant of recognition/permission to conduct a teacher education programme leading to Certificate in Physical Education(C.P.Ed), Bachelor of Physical Education(B.P.Ed) and Master of Physical Education(M.P.Ed) , as the case may be, or equivalent.

सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली–54

(2) They shall come into force from the date of their publication in the Official Gazette.

3. **Extent of Amendment**

(i) The Appendix – 10, 11 & 12 of the norms and standards which were notified by NCTE Regulations, 2002 and retained in the NCTE Regulations, 2005 shall be replaced by the Appendix – 1, 2 and 3 to this amendment and be read as part thereof.

V. C. TEWARI, Member-Secy.

[ADVT III/IV/131/2006/Exty.]

Note.— The National Council for Teacher Education (Recognition Norms & Procedure) Regulations, 2005 were published vide Notification No.49- 42 /2005 /NCTE (N&S) dated 13th January, 2006. These Regulations have subsequently been amended by the following Notifications:

i) No.49-4/2006/NCTE(N&S) dated 21.7.06
ii) No.49-4/2006/NCTE(N&S) dated 15.11.2006 and
iii) No.49-4/2006/NCTE(N&S) dated 11.12.2006

सहायक निदेशक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली–54

728

Appendix-1

Norms and Standards for Certificate in Physical Education Programme (C.P.Ed.)

1.0 Preamble

The Certificate in Physical Education (C.P.Ed.) programme is meant for preparing teachers in *Physical Education* for elementary schools (Primary and Upper Primary/Middle).

2.0 Duration and working days

